**29/05**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने APST प्रमाणपत्रों के पुनः सत्यापन, गैर-APST के मुद्दे, ILP व्यवस्था को सुदृढ़ करने, ILP दिशानिर्देश 2026 की समीक्षा तथा अवैध घुसपैठ से जुड़े मामलों की जांच एवं सुझाव देने के लिए चार उच्चस्तरीय समितियों के गठन की घोषणा की है। ये समितियाँ आज अरुणाचल इंडिजिनस ट्राइब्स फोरम, विभिन्न सीबीओ, आप्सू, एसटी बचाओ आंदोलन समिति, सरकारी अधिकारियों तथा कानूनी विशेषज्ञों के साथ हुई चर्चा के बाद गठित की गईं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से जानकारी देते हुए लिखा कि प्रत्येक समिति का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री स्तर के प्रतिनिधि करेंगे तथा इनमें AITF, आप्सू, एसटी बचाओ आंदोलन समिति, कानूनी विशेषज्ञों, शोधार्थियों एवं महिला प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा, ताकि प्रक्रिया संतुलित, समावेशी और परिणामोन्मुख हो। उन्होंने लिखा कि समितियों के गठन संबंधी आधिकारिक अधिसूचना सोमवार तक जारी कर दी जाएगी।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश स्टेट ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ - APSTS के पचास गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित गोल्डन जुबली समारोह आज

तिराप ज़िले के खोंसा में आरंभ हुआ। समारोह के तहत उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने राज्य की अपनी तरह की पहली रेस्टोरेंट बस, रोड सेफ्टी अवेयरनेस बस तथा नई लग्जरी बसों के बेड़े को आज खोंसा में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन को नई पहचान देना, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अरुणाचल प्रदेश में यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना है। तीन दिवसीय यह समारोह APSTS की ऐतिहासिक यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है, जिसकी शुरुआत वर्ष उन्नीस सौ पिचहत्तर में खोंसा से मात्र दो बसों के साथ हुई थी और जो आज अरुणाचल प्रदेश तथा राज्य के बाहर विभिन्न समुदायों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण परिवहन सेवा बन चुकी है।

0000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश स्टेट ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ के गोल्डन जुबली समारोह के शुभारंभ के अवसर पर परिवहन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ओजिङ तासिङ ने आज खोंसा वेस्ट विधायक एवं गृह तथा परिवहन सलाहकार चाकत आबोह की उपस्थिति में **“रन फॉर रोड सेफ्टी”** मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। APSTS गोल्डन जुबली समारोह के प्रमुख कार्यक्रम के रूप में आयोजित इस मैराथन का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना था।

इस कार्यक्रम में जिले भर से खिलाड़ियों, विद्यार्थियों, युवाओं तथा आम लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

0000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सैन ने आज निर्वाचन भवन, ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश विधानसभा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा दूरदर्शन केंद्र के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को चल रहे विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की जानकारी दी, जिसका उद्देश्य सभी पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करना तथा अपात्र नामों को हटाना है। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में मीडिया और जनसंचार की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, दूरदर्शन तथा आकाशवाणी को पारदर्शिता, मतदाता जागरूकता और जनविश्वास को बढ़ावा देने वाले प्रमुख संस्थागत साझेदार बताया।

0000000000000000000000000000

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने आज महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के लिए काम करने वाले हितधारकों के बीच अधिक जागरूकता, संवेदनशीलता और अंतर-विभागीय समन्वय की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया। ईटानगर में संरक्षण अधिकारियों, वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों, परामर्शदाताओं और अन्य अधिकारियों

के लिए आयोजित एक प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, उन्होंने महिलाओं को समय पर सहायता और न्याय सुनिश्चित करने में अग्रिम पंक्ति के संस्थानों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में, श्रीमती राहटकर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि कई महिलाएं सामाजिक दबाव, आर्थिक निर्भरता और अपने अधिकारों के बारे में जागरूकता की कमी के कारण चुपचाप कष्ट सहती रहती हैं। अरुणाचल प्रदेश सरकार, ज़िला प्रशासन, सहयोगी संगठनों और कार्यक्रम के आयोजन में शामिल सभी हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, उन्होंने सभी विभागों और संस्थानों से मिलकर एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में काम करने का आह्वान किया, जहाँ हर महिला सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस करे।

000000000000000000000000000

ईस्ट सियाङ उपायुक्त सोनालिका जिवानी की अध्यक्षता में जिला विकास समीक्षा सह जिला स्तरीय निगरानी समिति (DLMC) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें अप्रैल 2026 की जिला विकास रिपोर्ट की समीक्षा तथा जिले में संचालित विभिन्न केंद्र प्रायोजित एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में चल रही विकास गतिविधियों, आधारभूत संरचना परियोजनाओं की प्रगति तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन

की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में कानून-व्यवस्था, ILP प्रवर्तन, जनसेवा वितरण, परिवहन सुरक्षा तथा राजस्व सृजन जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।

000000000000000000000000000

सियांग अपर मल्टीपर्पज़ प्रोजेक्ट के प्रति क्षेत्रीय समझ को मजबूत करने के उद्देश्य से ईस्ट सियाङ ज़िले के पांगकांग के विभिन्न गांवों में दो दिवसीय जनजागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान खुली संवाद बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को सीधे अपने सवाल रखने और स्थानीय जानकारियां साझा करने का अवसर मिला। पारदर्शी संवाद और निरंतर समझ सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीणों के बीच परियोजना संबंधी विस्तृत जानकारी पुस्तिकाएं भी वितरित की गईं।